24 नवंबर को 'सुशासन दिवस' मनायेगा जदयू, राज्यस्तरीय होंगे 'नीतीश संवाद' कार्यक्रम

नीतीश कुमार के कामों को अगले सौ सालों में भी भुलाया नहीं जा सकता : संजय कुमार झा

पटना (आससे)। 24 नवंबर, 2005 को बिहार की सत्ता की बागडोर संभालने वाले श्री नीतीश कुमार के ऐतिहासिक कार्यकाल के उपलक्ष्य में जनता दल (यू) आगामी 24 नवंबर को 'सुशासन दिवस' के रूप में मनाएगा। इस अवसर पर राज्यस्तरीय 'नीतीश संवाद' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य श्री नीतीश कुमार के दो दशकों के शासनकाल में हुए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक सुधारों को जन-जन तक पहुँचाना तथा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लोगों के अनुभवों को साझा करना है।

इस कार्यक्रम के निमित्त गुरुवार को जनता दल (यू) प्रदेश कार्यालय स्थित कर्पूरी सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री श्रीमती लेसी सिंह, मंत्री श्रीमती श्वेता गुप्ता, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता श्री ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक श्री संजय कुमार सिंह 'गांधी', मुख्यालय प्रभारी श्री शंभू कुशवाहा, श्रीमती अंजुम आरा एवं श्री अरुण वर्मा, पार्टी महासचिव श्री अनिल कुमार, श्री वासुदेव कुशवाहा तथा पार्टी मीडिया सेल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ0 अमरदीप सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पार्टी के विधानमंडल सदस्यों, जिलाध्यक्षों और विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी मंत्री श्रीमती लेसी सिंह को संयोजक के रूप में सौंपी गई है।

बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री संजय कुमार झा ने कहा कि 'सुशासन दिवस' के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पिछले दो दशकों के दौरान हुए ऐतिहासिक कार्यों और उनके दूरगामी प्रभावों को प्रमुखता से सामने लाया



जाना चाहिए। उन्होंने साइकिल योजना, जीविका योजना और उद्यमी योजना सहित अन्य ऐतिहासिक योजनाओं का उल्लेख करते हुए निर्देश दिया कि इनके लाभार्थियों की जानकारी जुटाई जाए। साथ ही, लाभार्थियों के साक्षात्कार लेकर वीडियो तैयार किए जाएँ, ताकि इन योजनाओं की उपलब्धियों और लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुँचाया जा सके। श्री झा ने कहा कि श्री नीतीश कुमार ने राजनीतिक नेतृत्व के साथ-साथ सामाजिक सुधारक की भूमिका भी निभाई है।


प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि 24 नवंबर, 2005 को श्री नीतीश कुमार ने ऐसे समय में बिहार की बागडोर संभाली थी, जब राज्य में कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं की स्थिति बेहद चुनौतीपूर्ण थी।

उन्होंने जिलाध्यक्षों को प्रत्येक जिले में तैयारी समिति गठित करने, विभिन्न प्रकोष्ठों के साथ समन्वय स्थापित करने और कार्यक्रम से जुड़ी जिम्मेदारियाँ स्पष्ट रूप से तय करने का निर्देश दिया।

'सुशासन दिवस-नीतीश संवाद' कार्यक्रम की संयोजक एवं मंत्री श्रीमती लेसी सिंह ने कहा कि श्री नीतीश कुमार के दो दशकों के कार्यों को समर्पित यह कार्यक्रम पार्टी के लिए गौरव का विषय है।

विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता श्री ललन कुमार सर्राफ ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य श्री नीतीश कुमार के दो दशकों के कार्यों और उनकी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने का संकल्प लेना है।

संजय कुमार सिंह 'गांधी जी' ने कहा कि श्री नीतीश कुमार ने न्याय यात्रा के माध्यम से जनता से जुड़ने का प्रयास किया और कानून का राज स्थापित करने पर विशेष जोर दिया।



संसद भवन के ऐतिहासिक संविधान सदन में आयोजित ब्रिक्स देशों के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में केन्द्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर और दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता के साथ बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति डा. राम वचन राय।

ललन सिंह से बधाई नहीं लूंगा, राजनीतिक कर्ज सूद समेत लौटाऊंगा

पटना (आससे)। पटना स्नातक सीट से नीरज कुमार ने चौथी बार जीत दर्ज की है। वो पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा से मिले और उनकी बधाई ली। जीत के बाद ललन सिंह से आशीर्वाद लेने के सवाल पर नीरज कुमार ने कहा कि सवाल ही नहीं उठता है।

पहले ये बताइए कि आखिर मेरा क्या गुनाह था, जो पूरी चुनावी प्रक्रिया में मुझे इतनी परेशानी झेलनी पड़ी। जिनको बधाई देना है वो दे रहे हैं। नीरज कुमार ने आगे कहा, मैंने तो कल भी आपके सामने बोला है कि मेरे मां-पिता और पुरखों ने हमको यही आशीष दिया है कि अगर कोई भी कर्ज लेना बेटा, तो कर्ज लौटा देना। और इस राजनीति के कर्ज को सूद सहित लौटा देंगे।



कार्यकर्ताओं के बल पर हमने यह चुनावी यात्रा पूरा की, नीतीश कुमार और निशांत कुमार का सक्रिय सहयोग मिला। धर्म और अधर्म की लड़ाई में पार्टी और एनडीए मजबूती से खड़ा रहा।

जदयू में जब कोई फैसला ले लिया जाता है, तो वह अंतिम होता है। यह फैसला नीतीश कुमार लेते हैं। संजय झा के इस बयान से साफ है कि अनंत सिंह को पार्टी से निष्कासित करने का फैसला नीतीश कुमार ने लिया था।

दिल्ली से पटना पहुंचने के बाद संजय झा ने पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज करने वाले जदयू प्रत्याशी नीरज कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नीरज कुमार को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी।

'रन फॉर यूनिटी ऑफ बिहार' की जर्सी का लोकार्पण

महिला-पुरुष प्रतिभागियों को मिलेंगे अलग-अलग नकद पुरस्कार

(निज प्रतिनिधि)

पटना। जनता दल (यूनाइटेड), बिहार प्रदेश के कला, संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ द्वारा गुरूवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता सह जर्सी लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी ऑफ बिहार' के प्रतिभागियों को नि:शुल्क दी जाने वाली जर्सी का अनावरण हुआ।

प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने बताया कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर 31 अक्टूबर को प्रात: 6 बजे सरदार पटेल भवन, बेली रोड से गांधी मैदान तक दौड़ आयोजित होगी। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा एवं स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ करेंगे। आयोजन का उद्देश्य एकता, समावेशी विकास तथा नीतीश जी की जनहितैषी विचारधारा एवं 'फरक्का जलसंधि' से जुड़े बिहार के हितों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। श्री पटेल ने बताया कि सभी प्रतिभागियों का नि:शुल्क निबंधन होगा तथा उन्हें नि:शुल्क जर्सी और सहभागिता प्रमाण पत्र मिलेगा। महिला एवं पुरुष वर्ग में अलग-अलग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमश: 11,000, 7,500 एवं 5,100 दिए जाएंगे।



शीर्ष तीन के बाद अगले 11-11 प्रतिभागियों को 'सुपर 11' के तहत 1,100 प्रत्येक, फिर अगले 17-17 प्रतिभागियों को 'साहसी सत्रह' के तहत 501 प्रत्येक प्रदान किए जाएंगे। इन चयनित प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र से भी सम्मानित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अंजुम आरा एवं मुन्ना वर्मा, प्रदेश महासचिव अनिल कुमार, प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता अभिषेक राज, सौरव यादव, अशोक पटेल, संजीव कुमार, मनीष कुमार, शाहिद, प्रदेश महासचिव पल्लवी कुमारी, रजनीकांत एवं कार्यालय सचिव पटेल उपस्थित रहे।

पार्टी अनुशासन से चलती है : संजय झा

पटना (आससे)। मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह की विधायकी खत्म कराए जाने की पहल को लेकर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा का बयान सामने आया है. उन्होंने कहा है कि पार्टी अनुशासन से चलती है. अगर पार्टी में अनुशासन नहीं होगा, तो जैसे देश में राहुल गांधी अराजकता फैला रहे हैं, वैसे ही पार्टी के अंदर हो जाएगा. उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में जो भी फैसला होता है, वह सबकी सहमति से होता है. उन्होंने यह भी बताया कि अंतिम मुहर उस फैसले पर नीतीश कुमार लगाते हैं.



संजय कुमार झा ने कहा कि पटना स्नातक सीट पर नीरज कुमार की जीत नीतीश कुमार और सम्राट चौधरी के नेतृत्व की जीत है. नीरज कुमार तीसरी दफा चुनाव जीते हैं. जनता दल यूनाइटेड ने अनंत सिंह और उनकी पत्नी नीलम देवी को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया था. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने दोनों की प्राथमिक सदस्यता खत्म करने की घोषणा की. जेडीयू ने विधानसभा अध्यक्ष से संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता रद्द करने की सिफारिश भी की. जेडीयू के अनुसार, बिहार विधान परिषद चुनाव के दौरान अनंत सिंह और नीलम देवी ने पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार नीरज कुमार के बजाय जन सुराज के उम्मीदवार अनुज सिंह का समर्थन किया.

मोकामा विधायक अनंत सिंह की विधायकी खत्म किए जाने के मामले पर स्पीकर प्रेम कुमार ने कहा कि उमेश कुशवाहा की तरफ से लेटर मिला है. अनंत सिंह पर आरोप है कि उन्होंने पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ जाकर चुनाव में काम किया.

स्पीकर प्रेम कुमार ने कहा कि हम इस पूरे मामले की समीक्षा करेंगे. समीक्षा के बाद प्रक्रिया के तहत जो भी सही होगा, वह फैसला लिया जाएगा।

तिरहुत शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधान पार्षदों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नरेंद्र प्रसाद सिंह और बंशीधर ब्रजवासी को जीत की बधाई दी

पटना (आससे)। बिहार विधान परिषद के तिरहुत शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधान पार्षदों ने मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी से पटना स्थित





लोक सेवक आवास में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से विजयी डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह और तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विजयी श्री बंशीधर ब्रजवासी को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह की जीत को जनता के विश्वास और समर्थन का प्रतीक बताया। उन्होंने श्री बंशीधर ब्रजवासी को भी चुनाव में मिली सफलता पर शुभकामनाएं दीं।

गौरतलब है कि तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. नरेंद्र प्रसाद सिंह ने जीत दर्ज की है। वहीं, तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार श्री बंशीधर ब्रजवासी लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए हैं।

औरंगाबाद, सासाराम एवं डिहरी क्षेत्र में पेयजल सुविधाओं के विस्तार पर सरकार खर्च करेगी 2014.65 करोड़ रुपये : सम्राट

पटना (आससे)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बिहार में पेयजल सुविधाओं के सुधार एवं विस्तार के लिए नाबार्ड द्वारा 1774.98 करोड़ रूपये की परियोजना को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद एवं केंद्र सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद, सासाराम एवं डिहरी क्षेत्र में पेयजल सुविधाओं के सुधार एवं विस्तार तथा जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने पर 2014.65 करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बिहार के विकास को निरंतर गति मिल रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में आधारभूत संरचनाओं का विस्तार हो रहा है तथा आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संकल्प को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि के अंतर्गत स्वीकृत इस परियोजना से औरंगाबाद, सासाराम एवं डिहरी क्षेत्र में पेयजल सुविधाओं के सुधार एवं विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। जल-जीवन-हरियाली अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप सोन नदी के सतही जल का समुचित उपयोग करते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के माध्यम से वर्तमान में लगभग 08 लाख आबादी को पेयजल सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी जबकि वर्ष 2051 में लगभग 12 लाख आबादी को पयेजल सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। राज्य सरकार नागरिकों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और भू-जल पर निर्भरता कम करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ
अरण्य विहार, सिपाह, पटना-राँची रोड वाईपास, थाना-दीपनगर, बिहारशरीफ-803216

आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नालंदा वन प्रमंडल, बिहारशरीफ के राजगीर विशेष प्रक्षेत्र अंतर्गत संचालित जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु अल्पकालीन निविदा सं० 16/2026-27 (PR No- 013500 (Forest) 2026-27) प्रकाशित की गई थी, जिसके खुलने की तिथि 30.10.2026 निर्धारित थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा रद्द की जाती है।

जरासंध स्मारक पार्क में नवनिर्मित कैफेटेरिया तथा पार्किंग क्षेत्र में फूड स्टॉल के संचालन हेतु नई निविदा ई-प्रोक्योरमेंट (e-proc-2) पोर्टल के माध्यम संपन्न कराये जाने की सूचना से पुनः प्रकाशित की जाएगी।

(राजकुमार एम)
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
नालन्दा वन प्रमण्डल, बिहारशरीफ

PR- 014568 (Forest) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

समाहरणालय, बक्सर
(जिला बाल संरक्षण इकाई)
बाल कल्याण समिति,
बक्सर के आदेशानुसार गुमशुदा बालिका की सूचना

नाम : आयुषी (काल्पनिक नाम) रंग : गोरा
उम्र : 04 दिन (उपस्थापन तिथि को) माता/पिता-अज्ञात
प्राप्ति तिथि/स्थल : ग्राम-करैला, थाना-धनसोई, जिला-बक्सर।
समिति के समक्ष उपस्थापन की तिथि-29.09.2026
(वर्तमान में बालिका विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान, बक्सर में आवासित है)



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित बच्चे के माता-पिता/ अभिभावक/परिजन बच्चे की प्रेस विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर साक्ष्य के साथ अपना दावा कार्यालय विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान/बाल कल्याण समिति/जिला बाल संरक्षण इकाई, बक्सर, बिहार (सम्पर्क न0-9939679408, 9709661625 एवं ई0मेल-adcpubuxar01@gmail.com) के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उपरोक्त वर्णित समयावधि के उपरान्त कोई दावा मान्य नहीं होगा और बालिका को दत्तकग्रहण विनियम 2022 (अन्य प्रावधान्वित निदेशों सहित) के प्रावधानानुसार उपयुक्त दंपति को गोद देने हेतु कानूनी रूप से मुक्त घोषित करने की कार्रवाई की जाएगी।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 014460 (B&C) 2026-27
सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई
बक्सर
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
जिला खनन कार्यालय, मधुबनी
(जिला खनन कार्यालय)
आम सूचना

सभी जन साधारण को सूचित किया जाता है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लघु खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध देवधा थाना काण्ड सं०-84/2026 में जे०सी०बी० (लोडर) जिसका इंजन संख्या-**H00030423**, चेसिस संख्या-**1487643 F 2012,** निबंधन संख्या अंकित नहीं को जब्त कर देवधा थाना में रखा गया है। उक्त वाहन स्वामी से संबंधित विवरणी **वाहन पोर्टल 4.0** पर नहीं पाया गया तथा वर्त्तमान तक किसी व्यक्ति विशेश द्वारा वर्णित वाहन पर स्वामित्व (मालिकाना) का दावा नहीं किया गया है।

अतः जन साधारण को सूचित किया जाता है कि संबंधित वाहन स्वामी सात दिनों के अन्दर जिला खनन कार्यालय, मधुबनी में वाहन स्वामित्व संबंधित दस्तावेज समर्पित करें, अन्यथा उपरोक्त वाहन पर नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी। **समाहर्त्ता, मधुबनी**

PR. No. 014569 (Mines) 2026-27
उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

विद्युत् कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विद्युत् भवन प्रमंडल-छपरा, भवन निर्माण विभाग
अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-19 वर्ष 2026-2027

(1) विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : विद्युत् कार्यपालक अभियंता, विद्युत् भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, छपरा।
(2) परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय : 18.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।
(3) निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 19.11.2026 अपराह्न 3.00 बजे तक।
(4) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 19.11.2026 अपराह्न 3.30 बजे तक।
(5) परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा भवन निर्माण विभाग। (2) विद्युत भवन अंचल, उत्तर बिहार, पटना, भवन निर्माण विभाग। (3) विद्युत् भवन प्रमंडल, मोतिहारी भवन निर्माण विभाग।
(6) निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक 5 के अनुसार
(7) कार्य की विवरणी :

क्रम सं0	कार्य का नाम	परिमाण विपत्र की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	आपूर्ति/कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6
1	Provision to UPS Wiring for Computer, Display and Computer Wiring for Scanning & Digitization Centre in New 16 Court (G+5) Civil Court Siwan, Distt: Siwan .	13,99,301.00	28,000.00	2500.00	30 दिन

विद्युत् कार्यपालक अभियंता
विद्युत् भवन प्रमंडल, छपरा

PR- 014509 (BCD) 2026-27
विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार
समाहरणालय, सहरसा
(जिला नजारत शाखा)
Email ID:- zilanazaratsaharsa@gmail.com
-:: अल्पकालीन निविदा ::-
श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव-2026 के आयोजन से संबंधित निविदा

दिनांक 19, 20 एवं 21 नवम्बर-2026 को राजकमल क्रीड़ा मैदान, महिषी, सहरसा में आयोजित श्री उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव, महिषी, सहरसा के अवसर पर टेन्ट, पंडाल, शामियाना, जेनरेटर सेट एवं अन्य विद्युत सामग्रियों को भाड़े पर लेने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। इन कार्यों के लिए इच्छुक GST/निबंधित प्रतिष्ठान एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ता से जिलाधिकारी, सहरसा को संबोधित दो अलग-अलग मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित शर्तों पर दिनांक- 07.11.2026 के अपराह्न 02.00 बजे दिन तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07.11.2026 को अपराह्न 03.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ठ में खोली जायेगी। निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उक्त अवसर पर अवश्य उपस्थित रहेंगें। सामग्रियों/सेवाओं का सूची निम्न प्रकार से है:-

Section- A
For logistic items/Services for cultural program & Seminar (At Mahishi village Raj Kamal playground) Date 19 to 21 Nov. 2026 (03 दिवसीय)
Section- B. (Date 19 to 21Nov. 2026)
1.विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए जिला नजारत शाखा, सहरसा/जिला के वेवसाईट https://saharsa.nic.in पर उपलब्ध है।
विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 014553 (District) 2026-27
जिलाधिकारी,
सहरसा।
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-06/वर्ष 2026-27
(केवल ई-टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, छपरा।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक-27.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड आरंभ करने की तिथि:- दिनांक-04.11.2026 को 10:30 बजे पूर्वाह्न से दिनांक-06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय:- दिनांक-06.11.2026 को 4:00 अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
5. निविदा (तकनीकी वीड) खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक-06.11.2026 को 5.00 बजे अपराह्न में। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
6. कार्य की विवरणी:-

ग्रुप सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रुपये में)	परिमाण विपत्र का मूल्य	बेलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस अन्य	कार्य समाप्ति की अवधि (दिन में)
1	2	4	5	6	7	8
	PROVIDING TEMPORARY WATER SUPPLY & SANITARY FACILITIES INCLUDING REPAIR AND MAINTENANCE WORK AT VERIOUS PLACES IN SONPUR MELA AREAS ON OCASSION OF SONEPUR MELA-2026					
1	Supplying all materials labours ,tools and tackles for constructing Exihibition stall of size 30'-0" x 50'-0" with VIP Rest room with toilet cum- washroom, LED Screen, Sound System walk way etc and other in sonepur mela at Nkhash etc all complete.	9.95430	20000.00	1250.00	As per online	15 दिन

7. वित्तीय वीड खोलने की तिथि एवं समय : तकनीकी वीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी। (सिर्फ वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in पर)
8. निविदा की वैद्यता की तिथि : निविदा खोलने की तिथि से 60 दिनों तक।
9. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर अथवा https://eadvtprd.bihar.gov.in वेवसाईट पर देखा जा सकता है।
10. ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में भाग लेने हेतु संवेदकों को https://eproc2.bihar.gov.in पर पंजीकृत होना होगा, जिससे कि उन्हें उपयोगकर्ता का नाम (User ID), पासवर्ड (Password), अंकीय हस्ताक्षर (Digital Signature) निर्गत की जायेगी। यह उन्हें वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/ई-टेन्डर की प्रक्रिया में भाग लेने की योग्यता प्रदान करेगा।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.014511 (PHED) 2026-27
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

बिहार सरकार
भोजपुर समाहरणालय, आरा
(जिला विधि प्रशाखा)
आवेदन आमंत्रण सूचना

माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा सी0डब्लू0जे0सी0नं0-19276/2019 (क्रिमी0 मिस0 नं0-28530/2019 में पारित आदेश दिनांक-21.08.2019 से उद्धभूत) में दिनांक-15.05.2026 को पारित आदेश एवं सरकार के संयुक्त सचिव, विधि विभाग, बिहार पटना के पत्रांक-5913 दिनांक-23.07.2026 के आलोक में उत्पाद न्यायालय के संचालन हेतु निजी भवन को किराये पर लेने की आवश्यकता है। मुख्य वास्तुविद, भवन निर्माण, विभाग, बिहार पटना द्वारा अनुमोदित वास्तुविदीय नक्शे के समरूप कोर्ट भवन होना ऐच्छिक है, जो निम्न प्रकार है:-

- Building Area Required - 100' x 50'
- Floor Required - G+2
- Ground Floor - Parking with Guard Room
- 1st Floor - 3BHK
  a. Hall Size- 50'X30'
  b. Room Size- 16'x16'
  c. Room Size- 30'x20'
  d. Room Size- 16'x16'
  e. Toilet (Male, Female, Transgender & PH)
- 2nd Floor - Same as 1st Floor

निविदा की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
भोजपुर, आरा।

PR- 014495 (District) 2026-27
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।